HPV और HPV टीकाकरण: हर माता-पिता को क्या पता होना चाहिए

HPV क्या है?

ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) एक बहुत ही आम वायरस है जो 10 में से 8 लोगों को उनके जीवनकाल में कभी न कभी होता है। HPV के कुछ संक्रमण से बाद में जीवन में कैंसर हो सकता है।

अनुमान है कि HPV के कारण यू.एस. में हर वर्ष पुरुषों और महिलाओं में कैंसर के लगभग 37,000 केस होते हैं - यह एक मेजर लीग बेसबॉल खेल की औसत उपस्थित लोगों की गिनती के समान है!

HPV के कारण होने वाले कैंसरों में से, केवल सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर का पैप परीक्षण से जल्दी पता लगाया जा सकता है। HPV के कारण होने वाले अन्य कैंसर (गले, जननांग या गुदा के कैंसर) का शायद उस समय तक पता नहीं चल पाए जब तक कि वे अधिक गंभीर न हो जाएँ। HPV टीकाकरण ऐसे संक्रमणों को रोकता है जो इन कैंसर का कारण बनते हैं।

मैं अपने बच्चे को HPV से कैसे बचा सकता/ती हूँ?

HPV टीकाकरण से HPV के कारण होने वाले 90% से अधिक कैंसर को रोका जा सकता है। HPV टीके बहुत ही सुरक्षित हैं, और वैज्ञानिक शोध ने दर्शाया है कि HPV टीकाकरण के लाभ संभावित जोखिमों से कहीं अधिक हैं। सन 2006 से, अमेरिका में 135 मिलियन से अधिक खुराकें दिए जाने के बाद, HPV के टीके का एक लंबा सुरक्षा रिकॉर्ड है जो 15 वर्षों से अधिक की निगरानी द्वारा समर्थित है। आम दुष्प्रभाव हल्के होते हैं और एक या दो दिनों में ठीक हो जाते हैं। अन्य टीकों के समान, इनमें टीका लगाए जाने के स्थान में दर्द, लाली या सूजन शामिल हैं।



HPV टीकाकरण <u>बहुत अच्छे</u> ढंग से काम करता है। जबसे HPV टीकाकरण की 2006 में पहली बार सिफारिश की गई थी, जिस प्रकार के HPV संक्रमण अधिकांश HPV कैंसर का कारण बनते हैं, उनमें किशोर लड़कियों में 88% और युवा वयस्क महिलाओं में 81% गिरावट हुई है।

HPV के विरुद्ध टीकाकरण की अनुशंसा संघीय एडवाइज़री कमेटी ऑन इम्युनाइज़ेशन प्रैक्टिसीस (Advisory Committee on Immunization Practices), अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडिएट्रिक्स (American Academy of Pediatrics), और अमेरिकन एकेडमी ऑफ फैमिली फिजिशियन्स (American Academy of Family Physicians) द्वारा की गई है। अमेरिकन कैंसर सोसायटी (American Cancer Society) और कैलिफ़ोर्निया के कैंसर निवारण अधिनियम (Cancer Prevention Act) द्वारा भी इसकी अनुशंसा की गई है।

HPV और HPV टीकाकरण: हर माता-पिता को क्या पता होना चाहिए

यह टीका किसे और कब लगवाना चाहिए?

चूँकि यह टीका कम उम्र में दिए जाने पर अधिक प्रभावी होता है, इसलिए 9 से 12 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए HPV टीके की दो खुराकों की अनुशंसा की जाती है, और दूसरी खुराक 8वीं कक्षा के आरंभ से पहले दी जानी चाहिए।

(जो बच्चे HPV वैक्सीन की पहली खुराक पाने के लिए इसके बाद तक प्रतीक्षा करते हैं, उन्हें तीन खुराकों की आवश्यकता हो सकती है।) HPV का टीका अकसर अन्य किशोर टीकों के साथ ही दिया जाता है, जैसे कि काली खांसी को रोकने के लिए Tdap और बैक्टीरियल मैनिंजाइटिस को रोकने के लिए मेनिंगोकोकल टीका।

मैं अपने बच्चे के लिए HPV टीका कहाँ से प्राप्त करूँ?

HPV टीके के बारे में और इसे कहाँ से प्राप्त कर सकते हैं, इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता, फार्मासिस्ट, या स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से पूछें। यह टीका अधिकांश स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत कवर किया जाता है। यदि आपके पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, तो भी आपका बच्चा टीका लगवा सकता है। वैक्सींस फोर चिल्ड्रेन (Vaccines for Children - VFC) कार्यक्रम, 18 वर्ष तक आयु के उन बच्चों को टीके निशुल्क प्रदान करता है जिनका बीमा नहीं है या जिनका बीमा टीकों की लागत को कवर नहीं करता है।

अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता या स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से VFC के बारे में पूछें। अपने क्षेत्र में VFC में भाग ले रहे डॉक्टरों को ढूंढें।

HPV, इस टीके, और कैंसर की रोकथाम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (Centers for Disease Control and Prevention) पर जाएँ।